आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-98कटनी ● मंगलवार, 11 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख कृष्ण पक्ष -15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## आज नेशनल टेक्नोलाजी दिवस



नेशनल टेक्नोलॉजी दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वैज्ञानिकों की तारीफ की और कोरोना के खिलाफ लड़ाई में उनके सहयोग के लिए शुक्रिया कहा। इस मौके पर पीएम मोदी ने 1998 के पोखरण परीक्षणों को भी याद किया, जिसमें भारत के वैज्ञानिकों ने अपने टेक्निकल कौशल का प्रदर्शन किया था।

## गूगल देगा बेड और आक्सीजन की जानकारी




महामारी के बढ़ते प्रकोप के बीच गूगल ने अब एक नए फीचर पर काम करना शुरू कर दिया है, जो लोगों के लिए काफी मददगार हो सकती है। गूगल मैप्स पर अब बेड और मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता के बारे में लोगों को ताजा जानकारी मिल सकेगी। साथ ही गूगल के इस नए फीचर की मदद से लोग इन चीजों से जुड़ी जानकारी मांग सकते हैं और दूसरों के साथ इस संबंध में जानकारी शेयर भी कर सकेंगे।

# कोरोना कम स्वस्थ होने वाले ज्यादा

## 11 मार्च के बाद पहली बार नए मामलों से ज्यादा मरीज ठीक हुए

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के खिलाफ जारी जंग का असर दिखने लगा है। ताजा आंकड़ों से कोरोना महामारी से कुछ राहत के संकेत मिले हैं। 11 मार्च के बाद पहली बार नए मामलों से ज्यादा मरीज ठीक हुए हैं। 24 घंटे के दौरान 3,29,942 नए मामले मिले हैं, जबकि, 3,56,082 मरीज ठीक हुए हैं। एक दिन पहले भी चार लाख से कम नए केस मिले थे। इस दौरान 3,576 लोगों की जान गई है। लगातार तीसरे दिन चार हजार से कम मौतें हुई हैं। इसके साथ ही कुल संक्रमितों का आंकड़ा 2,26,62,575 पहुंच गया है। इनमें से 1,90,27,304 मरीज ठीक हो चुके हैं और 2,49,992 लोगों की मौत हो चुकी है। सक्रिय मामलों में भी लगभग 30 हजार की कमी हुई है और वर्तमान में यह 37,15,221 हैं। देश के किसी राज्य की तुलना में सोमवार को कर्नाटक में सबसे ज्यादा 39,035 नए मामले सामने आए। इससे पहले तक महाराष्ट्र में सर्वाधिक मामले मिल रहे थे, लेकिन महाराष्ट्र में सोमवार को 37,236 केस पाए गए। मौतें भी कर्नाटक में सबसे ज्यादा 596 हुई। जबकि महाराष्ट्र में 541, दिल्ली में 319, उत्तर प्रदेश में 278, तमिलनाडु में 232, हरियाणा में 161, राजस्थान में 160, बंगाल में 134 और गुजरात में 117 और लोगों की मौत हुई है। दुनिया के किसी भी अन्य देशों की तुलना में भारत में कोरोना महामारी की स्थिति बेहद गंभीर है। विश्व में जहां समग्र रूप से पिछले सात दिनों के दौरान संक्रमण के नए मामलों में पांच फीसद की कमी आई है, वहीं भारत में पांच फीसद मामले बढ़े हैं। इस दौरान वैश्विक स्तर पर मृतकों की संख्या चार फीसद कम हुई है, जबकि भारत में 14 फीसद बढ़ी है। वर्ल्डोमीटर के आंकड़ों के मुताबिक पिछले सात दिनोंमें पूरी दुनिया में 54,40,597 नए मामले मिले, जबकि भारत में 27,42,695 संक्रमित पाए गए। इस तरह पिछले हफ्ते संक्रमित होने वाला दुनिया का हर दूसरा व्यक्ति भारतीय था। इससे पहले के हफ्ते में विश्व में 57,06,729 और भारत में 26,13,415 संक्रमित पाए गए थे। इस तरह भारत में जहां पांच फीसद मामले बढ़े वहां दुनिया भर में पांच फीसद मामले कम हुए।



## क्विक अपडेट



### केंद्र सरकार का जवाब, अतिउत्साह से बिगड़ सकती है बात

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा पेश करके अपना जवाब पेश कर दिया है। केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में साफ कहा है कि कोरोना संक्रमण के दूसरी लहर के दौरान अतिउत्साह में बात बिगड़ सकती है। ऐसे में किसी भी हस्तक्षेप से देश को नुकसान भी हो सकता है। केंद्र सरकार जो भी कर रही है, वो एक्सपर्ट की सलाह के बाद कदम उठा रही है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट का दखल नहीं होना चाहिए। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा पेश एफिडेविट लीक होने पर जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने नाराजगी भी जताई।

### पूरे 6 डोज वैक्सीन एक साथ लगा दी

**रोम।** इटली में एक महिला को कोरोना वैक्सीन की गलती से छह खुराकें दे दी। महिला की उम्र 23 साल है और उसे फाइजर बायोएनटेक की छह खुराकें गलती से दे दी गई। महिला पर वैक्सीन की इतनी खुराकों का कोई गलत असर ना पड़े, इसके लिए उसे अस्पताल में निगरानी पर रखा गया। हालांकि अब महिला को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। केंद्रीय इटली के टस्कनी में नोआ अस्पताल में महिला फाइजर वैक्सीन की छह खुराकें दे दी गईं। अस्पताल के प्रवक्ता डेनिएला ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मरीज को 24 घंटे के लिए अस्पताल प्रशासन की निगरानी में रखा गया।

### स्कूलों के लिए 10वीं का रिजल्ट अपलोड लिंक एक्टिव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्कूलों के रिजल्ट अपलोड करने के लिए लिंक एक्टिव कर दिया है। स्कूल दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के अंकों को अब ई-परीक्षा पोर्टल के जरिए अपलोड कर सकते हैं। इसका लिंक एक्टिव कर दिया गया है। आपको बता दें कि कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए इस साल सीबीएसई ने दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा को रद्द कर दिया था और घोषणा की थी कि विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन के जरिए पास किया जाएगा। आपको बता दें कि सीबीएसई ने साफ किया कि डेटा अपलोड के बाद एडिट या मॉडिफाई नहीं किया जा सकेगा।

# अमेरिका में 12 से 15 साल के बच्चों को भी लगेगा कोरोना का टीका, भारत उत्साहित

**वाशिंगटन।** दुनिया भर में कोरोना वायरस का कहर जारी है। इस महामारी से सबसे अधिक प्रभावित अमेरिका ने कोरोना के खिलाफ जंग में एक और बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। अमेरिका के खाद्य और दवा प्रशासन (एफडीए) ने 12 से 15 साल की उम्र के बच्चों के लिए भी फाइजर की कोरोना वैक्सीन के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है।अमेरिका के खाद्य और दवा प्रशासन ने फाइजर-बायोएनटेक की कोविड-19 वैक्सीन को 12 से 15 साल के किशोरों में आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। एफडीए के कार्यकारी आयुक्त डॉक्टर जेनेट वुडकॉक ने कहा कि कोविड वैक्सीन के इस्तेमाल को लेकर लिया गया यह निर्णय हमें सामान्य स्थिति में लौटने के करीब लाएगा। माता-पिता और अभिभावक इस बात के लिए आश्वस्त हो सकते हैं कि एजेंसी ने सभी उपलब्ध डेटा की गहन समीक्षा की है।अमेरिका के खाद्य और दवा प्रशासन (एफडीए) ने 16 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए फाइजर वैक्सीन लगाने की पहले ही मंजूरी दे दी थी। हालांकि, फाइजर कंपनी ने पाया कि उसका टीका छोटे बच्चों पर भी कारगर है, जिसके एक महीने बाद यह घोषणा हुई। अब




फाइजर की दो खुराक वाले वैक्सीन को 12 से 15 साल के बच्चों के लिए आपात स्थिति में इस्तेमाल करने को मंजूरी दे दी गई है। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण की तीसरी लहर आने की चेतावनी मिलने के बाद इससे निपटने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। विशेषज्ञों की मानें तो भारत में कोरोना की तीसरी लहर के दौरान बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। ऐसे में एफडीए द्वारा उठाया गया कदम काफी महत्वपूर्ण है।

### वैक्सीन की दोनों डोज लेने के बाद भी सामान्य जीवन मुश्किल-रिसर्च

देश में अब तक 3.4 करोड़ लोगों को कोरोना के दोनों टीके लग चुके हैं। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि इस तरह के लोग क्या अब सामान्य जीवन जी सकते हैं? ऑफिस जाकर काम कर सकते हैं? क्या शादियों-पार्टियों में पिछली सभी पाबंदियों को भूलकर अपने नाते-रिश्तेदारों के साथ शरीक हो सकते हैं? दरअसल, ऐसा होना फिलहाल मुश्किल है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना के टीके की दोनों डोज लेने के बाद भी सामान्य तरीके से जिंदगी जीना अभी मुमकिन नहीं है। संक्रामक रोगों के विशेषज्ञ डॉ. नितिन शिंदे के मुताबिक, वैश्विक एजेंसियां सलाह दे रही हैं कि टीकाकरण का पूरा कोर्स ले चुके या कोरोना से उबर चुके लोग सामान्य जीवन जी सकते हैं, लेकिन भारत में ऐसा होना फिलहाल मुश्किल है। दरअसल, इस स्थिति के लिए भारत में पर्याप्त आबादी का टीकाकरण होना बेहद जरूरी है।




### Help For India: कोरोना से लड़ाई

# ट्विटर ने दिये 110 करोड़

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की जानी-मानी कंपनी ट्विटर ने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में भारत का साथ देते हुए 15 मिलियन डॉलर यानी करीब 110 करोड़ रुपये का डोनेशन दिया है। ट्विटर के ष्टश्वह्र जैक पैट्रिक डोर्सी ने ट्वीट कर बताया कि यह राशि तीन गैर सरकारी संगठनों केयर, एड इंडिया और सेवा इंटरनेशनल यूएसए को दान की गई है। इसमें से केयर को 10 मिलियन डॉलर दिए गए हैं, जबकि एड इंडिया और सेवा इंटरनेशनल यूएसए को 2.5-2.5 मिलियन डॉलर दिए गए हैं। इस घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सेवा इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष संदीप खडकेकर (विपणन और कोष विकास) ने इस दान के लिए डोर्सी को धन्यवाद दिया और कहा कि इससे सेवा के कार्यों को मान्यता मिली है। ट्विटर पर अपने बयान में उन्होंने कहा कि सेवा इंटरनेशनल एक हिंदू आस्था आधारित मानवीय और गैर लाभकारी सेवा संगठन है।

### कांग्रेस विधायक ने की झोलाछाप डॉक्टर्स को इलाज की मंजूरी देने की मांग, कहा ...

# झोलाछाप पर भरोसा करते हैं ग्रामीण



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के आगर-मालवा में कोरोना संक्रमण के इलाज से संबंधित अजीब मांग उठी है। दरअसल, कांग्रेस विधायक विपिन वानखेड़े ने मालवा के जिला अधिकारी को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों को इलाज करने से प्रतिबंधित नहीं किए जाने की मांग की है। पत्र के जरिये विधायक ने मांग की है कि झोलाछाप डॉक्टरों को कोरोना बीमारी का इलाज करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाए। जिला अधिकारी के नाम लिखे पत्र में वानखेड़े ने कहा, 'आगर-मालवा में झोलाछाप डॉक्टरों को मरीजों का इलाज करने पर प्रतिबंधित किया गया है। मुझे जानकारी मिली है कि इस क्षेत्र के गांवों में कोरोना के इलाज को लेकर काफी दहशत है। डर के कारण ग्रामीण इलाज के लिए जिला अस्पताल नहीं जा रहे हैं। ऐसे में मेरा सुझाव है कि झोलाछाप डॉक्टरों को प्रतिबंधित करने की जगह उन्हें कोरोना संबंधित इलाज की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए।' विधायक ने झोलाछाप डॉक्टरों को कोरोना के प्राथमिक उपचार के लिए दवाइयां भी उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने पत्र में लिखा, 'झोलाछाप डॉक्टरों के साथ पटवारी, पंचायत सचिव या अन्य सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगानी चाहिए और उनके गांव में जाने की समय सीमा भी सुनिश्चित करनी चाहिए।' उन्होंने लिखा, 'झोलाछाप डॉक्टरों पर ग्रामीण जनता का काफी विश्वास है और आप भी जानते हैं कि कोरोना से लड़ने के लिए मरीज में आत्मविश्वास होना अति आवश्यक है इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि झोलाछाप डॉक्टरों को प्रतिबंधित करने की जगह दिशानिर्देश व ट्रेनिंग देकर उनका उपयोग स्वास्थ्य व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया जाए। दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई भी की जाए।

### केजरीवाल बोले... वैक्सीन का फॉर्मूला सार्वजनिक हो



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को डिजिटिल प्रेस ब्रिफिंग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीन लाख से ज्यादा लोगों को रोज वैक्सीन देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वैक्सीन बनाने का फार्मूला सार्वजनिक हो और सभी कंपनी को मिले। उन्होंने कहा कि भारत सरकार दूसरी कंपनी को भी वैक्सीन बनाने का आदेश दें। दिल्ली के पास वैक्सीन की कमी है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली मे कोरोना के मामले अब कम होने लगे हैं। आप लोगों के सहयोग से लॉकडाउन भी सफल रहा। कल ही जीटीबी अस्पताल के सामने 500 आईसीयू का अस्पताल शुरू हुआ है। अब दिल्ली में आईसीयू और ऑक्सीजन बेड्स की कमी नहीं है।

# नड्डा का सोनिया को जवाब, कहा.. संकट में कांग्रेस का आचरण सही नहीं



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना का कहर अभी भी जारी है। लेकिन कोरोना पर हो रही राजनीति थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को सोनिया गांधी की ओर से की गई पार्टी कार्यसमिति की बैठक को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें एक पत्र लिखा है और राजनीति ना करने की सलाह दी है। जेपी नड्डा ने कांग्रेस पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कहा कि मौजूदा संकट काल में कांग्रेस के आचरण से दुखी हूं लेकिन आश्चर्य नहीं हूं। उन्होंने पत्र में लिखा कि आप ही की पार्टी के कुछ लोग ग्राउंड पर लोगों की मदद करने में सराहनीय काम कर रहे हैं लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की नकारात्मकता की वजह से उन लोगों की मेहनत बेकार हो जाती है। जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी से सवाल करते हुए पत्र में लिखा कि क्या कांग्रेस अपने राज्यों में ऐसे लोगों की मदद करने के लिए मुफ्त वैक्सीन देने का एलान करेगी। बता दें कि सोमवार को सोनिया गांधी ने पार्टी कार्यसमिति की बैठक में मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला था।

## किसान संगठन को थी रेप की जानकारी




**नई दिल्ली।** हरियाणा के टीकरी बॉर्डर पर बंगाल की युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा पर भी कई सवाल उठे थे। अब मोर्चा ने आगे आकर सफाई दी है। जानकारी के अनुसार, संयुक्त किसान मोर्चा को युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म होने का 2 मई को ही पता चल गया था। उसके बावजूद भी पुलिस कार्रवाई कराने की बजाय किसान नेता बैठक करते रहे। हालांकि किसान नेताओं ने दावा किया कि उसी समय युवती के पिता को कहा गया था कि वह कानूनी कार्रवाई करें और किसान मोर्चा उनके साथ खड़ा है। किसान मोर्चा ने सफाई देते हुए कहा कि वह चाहते थे कि युवती की पिता की तरफ से कार्रवाई की जाए और वह कार्रवाई नहीं करते तो संयुक्त मोर्चा अपनी तरफ से कार्रवाई करता।

### आक्सीफ्लो मीटर की कालाबाजारी भाजपा नेता गिरफ्तार



**रतलाम।** माणकचौक पुलिस ने सोमवार रात भाजपा नेता व मेडिकल दुकान संचालक आरोपित राजेश माहेश्वरी को अपनी नाहरपुरा गली नंबर एक स्थित मेडिकल दुकान से आक्सीफ्लो मीटर की कालाबाजारी करते गिरफ्तार किया। उसकी दुकान से छह आक्सीफ्लो मीटर जब्त किए गए। वह 2250 रुपये कीमत का आक्सीफ्लो मीटर चार हजार रुपये में बेच रहा था। पुलिस को जानकारी लगी थी कि माहेश्वरी मेडिकल पर आक्सीफ्लो मीटर की कालाबाजारी की जा रही है।

# घाटी में मुठभेड़, तीन आतंकी ढेर




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। जिसमें सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों को मार गिराया है। मारे गए आतंकियों की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। इससे पहले शोपियां जिले में छह मई को हुई मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गए थे। इस दौरान एक आतंकी ने आत्मसमर्पण भी किया था।अनंतनाग मुठभेड़ को लेकर आईजी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों को मार गिराने में सफलता मिली है। बता दें कि जिले के कोकरनाग इलाके में आतंकी गतिविधि की सूचना मिली थी। इसी के आधार पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। घेरा सख्त होता देख छिपे हुए आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और तीन आतंकियों को मार गिराने में सफलता पाई। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।इससे पहले उपजिला की पतराडा पंचायत के जंगलों में लोगों ने रविवार देर शाम को कुछ संदिग्धों को देखा था। इस पर पुलिस और सेना ने तलाशी अभियान चलाया था। हालांकि दिनभर चले इस अभियान में सुरक्षाबलों को सफलता नहीं मिली।




# एबी और बी ब्लड ग्रुप वालों को खतरा ज्यादा, ओ वाले बेहतर

**वेब डेस्क।** कोरोना वायरस जब से अस्तित्व में आया है तभी से दुनियाभर के वैज्ञानिक व शोधकर्ता इस पर सर्वे व रिसर्च कर रहे हैं। ऐसे में कोविड-19 वायरस को लेकर आए दिन नए-नए शोध सामने आते रहते हैं, जिनसे हमें इस बीमारी से संबंधित विभिन्न जानकारियां मिलती रहती हैं। हाल ही में काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर) ने भी कोरोना वायरस को लेकर एक सर्वे किया और उससे संबंधित जानकारी प्रकाशित की। इस सर्वे के जो नतीजे सामने आए उसके अनुसार एबी और बी ब्लड ग्रुप वाले लोग अन्य ब्लड ग्रुप की तुलना में कोरोना संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। सर्वे के बाद जिस पत्र में सीएसआईआर ने नतीजे प्रकाशित किए उसमें कहा गया, 'देशभर से जुटाए गए नमूनों की जांच की गई। स्टडी में यह बात सामने आई कि ओ ब्लड ग्रुप वाले नमूनों का समूह कोरोना वायरस से सबसे कम प्रभावित था। वहीं, ओ ब्लड ग्रुप वाले नमूने जिनमें कोरोना का संक्रमण था, उनमें ज्यादातर हल्के लक्षण ही दिखे या फिर वे नमूने असिम्प्टोमटिक (बिना लक्षण वाले) थे। इसके अलावा सीएसआईआर द्वारा कराए गए राष्ट्रव्यापी सीरो पॉजिटिविटी सर्वे पर आधारित एक रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि जो लोग मांस का सेवन करते हैं, वे शाकाहारियों की तुलना में कोरोना संक्रमण के प्रति अतिसंवेदनशील होते हैं। रिपोर्ट में इस अंतर का जिम्मेदार शाकाहारी भोजन में मौजूद हाई फाइबर को ठहराया गया है जो शरीर की प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करने की क्षमता रखता है। फाइबर युक्त आहार एंटी-इंफ्लेमेटरी होता है, जो शरीर में संक्रमण के बाद की जटिलताओं को रोकने की क्षमता रखता यह संक्रमण रोकता है। ऐसी शक्ति मांसाहारी भोजन में कम ही होती है। 10 हजार से अधिक लोगों के नमूनों की जांच 140 डॉक्टरों के एक समूह ने यह बात अध्ययन के बाद कही।




## बेटा संक्रमित हुआ तो पिता ने तोड़ा रिश्ता, स्टेशन पर छोड़कर फरार



**कोलकाता।** महामारी का असर इंसान के स्वास्थ्य के साथ-साथ आपसी रिश्तों-नातों और इंसानियत पर भी हद से ज्यादा पड़ा है। लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें अपने ही अपनों का साथ छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में अब कोलकाता का एक केस जुड़ गया है। यहां एक बच्चा कोरोना संक्रमित हुआ तो पिता उसे स्टेशन पर छोड़कर चला गया। जानकारी के मुताबिक, कोलकाता के सियालदह रेलवे स्टेशन पर 13 साल का बच्चा रोता हुआ मिला। उसके पास कोरोना संक्रमित होने की रिपोर्ट थी। पुलिस ने उसे रेस्क्यू किया और चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया। कुछ घंटों की जांच के बाद उसके घर का पता लगाया और बच्चे को परिजनों के हवाले कर दिया गया। फिलहाल, बच्चे की हालत स्थिर है।

कटनी
मंगलवार, 11 मई 2021
यश भारत

# संक्रमण को रोकने में मदद करेगी डिऑक्सी-डी-ग्लूकोज

## डीजीसीआई की मंजूरी, डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला में तैयार की गई नई दवा



**कटनी।** कटनी में 15 प्रतिशत पॉजीटिविटी दर के बीच एक अच्छी खबर आई है। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के प्रकोप से लड़ने के लिए डीजीसीआई ने एक और दवा को मंजूरी दे दी है। डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेस ने डॉक्टर रेड्डी लैब्स के साथ मिलकर कोरोना की एक ओरल दवा बनाई है। इस दवा के उपयोग से कोरोना संक्रमण के खिलाफ चल रही लड़ाई में काफी हद तक सफलता मिलेगी। विदित हो कि कटनी जिले में हर दिन करीब एक सैकड़ा कोरोना पॉजीटिव केस निकल रहे हैं। आज जिले में 105 लोगों की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। संक्रमण की रोकथाम के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इस सबके बीच डीजीसीआई ने एक ओर दवा को मंजूरी दे दी है। जानकारी के मुताबिक कोरोना वायरस की दूसरी लहर के प्रकोप से लड़ने के लिए डिऑक्सी-डी-ग्लूकोज नाम की इस दवा को भारत में आपात इस्तेमाल के लिए मंजूरी दी गई है। दवा के क्लिनिकल नतीजों के अनुसर यह दवा अस्पताल में भर्ती होने वाले कोरोना मरीजों को जल्दी ठीक होने में मदद करती है, इसके साथ ही इससे मरीजों की ऑक्सीजन की जरूरत को भी कम करती है। यह बात भी निकलकर सामने आई है कि इस दवा को लेने वाले मरीजों की रिपोर्ट आरटी-पीसीआर टेस्ट में निगेटिव आई है। ऐसे में महामारी की दूसरी लहर से जूझ रहे कटनी के लोगों के लिए यह दवाई काफी फायदेमंद साबित हो सकती है।

### अप्रैल में शुरू किया गया था क्लिनिकल ट्रायल

बताया जाता है कि अप्रैल 2020 में कोविड-19 की इस दवा का प्रयोग शुरू किया गया था, इसके शुरुआती नतीजे काफी अच्छे रहे थे, जिसके बाद मई में इसके क्लिनिकल ट्रायल शुरू हुए थे, जो कि अक्टूबर में 2020 में पूरे हुए थे। तीसरे चरण के क्लिनिकल ट्रायल में लोगों को इस दवा की डोज दी गई थी, जिसके काफी अच्छे परिणाम देखने को मिले। डीआरडीओ के वैज्ञानिकों का कहना है कि ये दवा जल्द से जल्द बाजार में कोविड मरीजों के इलाज के लिए उपलब्ध होने लगेगी।

### बजाज ने तैयार की थी ये दवा

इससे पहले दवा कंपनी बजाज हेल्थकेयर ने कहा था कि उसने कोरोना संक्रमण के उपचार में काम आने वाली वायरल रोधी दवा फेविपिराविर तैयार कर ली है, हालांकि इस दवा का प्रयोग केवल कोरोना के हल्के और मध्यम लक्षणों के लिए ही किया जा सकेगा और यह फेविजाज नाम से बाजार में आएगी। कंपनी ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को दी सूचना में कहा कि देश में इस दवा के निर्माण और विपणन के लिए ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया डीसीजीआई से मंजूरी मिल गई है। बजाज हेल्थकेयर के संयुक्त प्रबंध निदेशक अनील जैन ने कहा कि ष्हम उम्मीद करते है कि फेविजाज जैसी एक प्रभावी दवा उपचार के मौजूदा दबाव को कम करेगी और कोरोना संक्रमित लोगों को आवश्यक और सही समय पर चिकित्सा विकल्प प्रदान करेगी। कंपनी ने कहा कि उसने आवश्यक सक्रिय दवा सामग्री एपीआई और फेविपिराविर के लिए सही सूत्रीकरण से खुद की अनुसंधान और विकास टीम के जरिए इस दवा को सफलतापूर्वक विकसित किया है।

### इनका कहना है

डीजीसीआई की मंजूरी के बाद अब सरकार द्वारा इस दवा के उपयोग की अनुमति दी जाएगी और गाइडलाइन तैयार की जाएगी। इसके बाद ही इस दवा का उपयोग मरीजों पर किया जा सकेगा। फिलहाल इस संबंध में कोई निर्देश जारी नहीं हुए हैं।

**-डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सीएमएचओ**



# कोरोना के साथ पेयजल और विद्युत व्यवस्थाओं पर भी दें ध्यान

**बहोरीबंद विधायक ने रीठी में ली विकासखण्ड स्तरीय बैठक**


**रीठी।** बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय ने रीठी विकासखण्ड में विकासखण्ड स्तरीय बैठक ली। इस दौरान उन्होने विकासखण्ड अंतर्गत खाद्यान्न वितरण की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही क्षेत्र में पेयजल और विद्युत व्यवस्थाओं का भी रिव्यू किया। बैठक में विधायक श्री पाण्डेय संबंधित विभागीय अधिकारियों को व्यवस्थायें दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। साथ ही प्रत्येक पात्र हितग्राही को खाद्यान्न मिले, यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी बैठक में विधायक ने दिये। इसके साथ ही वर्तमान में कोविड संक्रमण को लेकर भी विकासखण्ड अंतर्गत की जा रही गतिविधियों की जानकारी विधायक श्री पाण्डेय ने ली। उन्होने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य कोरोना संक्रमण को रोकना है। इस दिशा में विभागीय अधिकारी आवश्यक कदम उठायें। इस आपदा को रोकने क्या-क्या प्रयास किये जाने चाहिये, इस पर भी विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी विधायक श्री पाण्डेय विभागीय अमले को दिये। इस अवसर सीईओ जनपद प्रदीप सिंह, प्रभारी तहसीलदार राजेश पाण्डेय, बीएमओ, संबंधित थाना प्रभारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मददगार बना सांसद सहायता केंद्र




**परिजनों को बांटे गए भोजन के पैकेट**

**कटनी।** शहर में कोविड संक्रमण लगातार कम हो रहा है लोगों का धैर्य हमें इस पर अवश्य विजय दिलाएगा, हम सभी का कर्तव्य के संकट की इस घड़ी में लोगों की मदद करें। यह विचार भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिला चिकित्सालय में स्थापित सांसद हैल्प सेंटर में उपस्थित लोगों से कहे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा निरन्तर सेवा ही संगठन की परिकल्पना को सार्थके कर रहे हैं। इसी क्रम में सांसद के निर्देशानुसार भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता लोगों की सेवा में जुटे हैं। कटनी के जिला अस्पताल में सांसद कोविड सहायता केंद्र से लोगों की मदद की जा रही है। आज दूसरे दिन सैकड़ों मरीजों के परिजनों को भोजन के पैकेट, गर्म पानी, काढ़ा एवं सादा पेयजल साथ मे बिस्किट के पैकेट बांटे गए। जिलाध्यक्ष भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, रविन्द्र छुट्टू मिश्रा, शिवम शर्मा, विष्णुशंकर मिश्रा, संतोष पटेल, सोनू बहरे सहित अन्य भाजपाजनों की उपस्थिति रही।




# 1547 को लगाई गई कोविड-19 वैक्सीन

**कटनी।** जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी जिले में 10 मई को कुल 1547 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 155 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 546 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 33 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज तथा 540 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं 1 हेल्थकेयर वर्कर्स को फर्स्ट डोज और 16 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया है। साथ ही 7 फ्रंटलाईन वर्कर्स को फर्स्ट डोज तथा 10 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 टीका लगाया गया है। जिले में सतत् रुप से 18 से 44 आयुवर्ग के लिये भी कोविड-19 वेक्सीनेशन का कार्य जारी है। सोमवार को जिले में 2 केन्द्रों में कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया। जिनमें कुल 239 लोगों को कोविड-19 का टीका लगाया गया।

### आज पुरानी कचहरी परिसर में वेक्सीनेशन

कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को कोविड-19 का टीकाकरण किया जा रहा है। जिसमें 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति टीकाकरण करवा सकता है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि आज 11 मई को जिले में केवल एक स्थान पर वेक्सीनेशन का कार्य किया गया। पुरानी कचहरी परिसर में 18 से 44 वर्ष आयुवर्ग के लोगों के लिये वेक्सीनेशन नहीं हुआ।




# मास्क, सेनिटाईजर, ग्लब्स और फलों का वितरण

**कटनी।**

जय शिव संस्था माधवनगर कोरोना संक्रमण के दौरान लोगों को जागरूक करने के साथ ही मास्क, सेनिटाईजर, ग्लब्स और मरीजों को फलों का वितरण किया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा कटनी जिले के सभी हास्पिटल, दिव्यांचल कोविड सेंटर, सांसद कोविड सेंटर सायना इंटरनेशनल स्कूल, नगर निगम, फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों, कटनी रेलवे स्टेशन, मुड़वारा रेलवे स्टेशन, जीआरपी थाना, माधवनगर गेट, कोतवाली, माधवनगर थाना, बस स्टेंड, सरकारी हास्पिटल, एमजीएम हास्पिटल एवं पत्रकारों को मास्क, फल, फ्रूट, सेनिटाईजर, ग्लब्स का वितरण किया। इन सेवा कार्यों में सुनील मेडीकल माधवनगर, सुरेश पोपटानी, मुकेश ठाकुरानी शेरू पृथ्यानी, प्रहलाज आहूजा, सतराम वलेचा, जनसेवक सुनील तलूजा का सहयोग रहा।

# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने कोरोना मरीजों को कराया जा रहा योग

### सांसद कोविड केयर सेंटर सायना स्कूल में योग से निरोग की दिशा में हो रहे प्रयास



**कटनी।** योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसे करने से रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। योग से निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति से रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की पद्धति का प्रयोग दवाई के साथ-साथ कोरोना संक्रमित मरीज जो कि सांसद कोविड केयर सेंटर सायना स्कूल में भर्ती मरीजों को सुबह योग कराये जा रहें है। इस योग प्रक्रिया के संचालन के लिये एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। जिसमें योग सीखने वाले वीडियो के माध्यम से दोनों समय उपचाररत् मरीजों को योग कराया जा रहा है। कोरोना के मरीजों की जल्द रिकवरी के लिए योगासन और प्राणायाम करना चाहिए, ऐसा मानते हुए डॉक्टर्स भी प्राणायाम करने की सलाह दे रहे हैं। सांसद कोविड केयर सेंटर सायना स्कूल में डॉक्टर की देखरेख में योग कराये जा रहे है। डॉक्टरों का मानना है योग करने से फेफड़े बेहतर तरीके से काम करने लगते हैं। योग करने से छाती वाला हिस्सा खुलता है और फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। योग से पाचन क्रिया भी तेज होती है और योग से रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। साथ ही शरीर में ऑक्सीजन का फ्लो भी बेहतर होता है। सांस लेने में आसानी से लेकर शरीर की रोग-निरोधक क्षमता बेहतर करने के लिए खासतौर पर अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी, कपालभाति प्राणायाम कराये जा रहें है। गौरतलब है कि पूर्व मंत्री एवं विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा अपने निजी शैक्षणिक संस्थान सायना इंटरनेशनल स्कूल में सांसद कोविड सेंटर शुरू किया गया है, जहां कोरोना मरीजों को भर्ती करते हुए उनका उपचार किया जा रहा है।





# सहायता केन्द्रों में की जा रही नि :शुल्क जांच

### निगमायुक्त ने केन्द्रों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

**कटनी।** मध्यप्रदेष शासन के निर्देषानुसार किल कोरोना-3 अभियान के तहत आमजनों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 7 मई से 25 मई 2021 तक किल कोरोना-3 अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नागरिकों की सुविधा एवं सर्दी, खांसी, बुखार के लक्ष्ण युक्त रोगियों के प्राथमिक उपचार की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए वार्ड क्रमांक 01 से 11 तक के नागरिकों हेतु जोन क्र.-1 न्यू बस स्टेण्ड आडिटोरियम परिसर, वार्ड क्रमांक 12 से 21 तक के नागरिकों हेतु जोन क्रमांक 2 खिरहनी आंगनबाडी भवन में, वार्ड क्रमांक 22 से 33 तक के नागरिकों हेतु जोन क्र.-3 टी.सी.बजान विद्यालय परिसर तथा वार्ड क्रमांक 34 से 45 तक जोन क्रमांक 4 माधवनगर उपकार्यालय में कोविड सहायता केन्द्रों की स्थापना की गई है। निगम के जोन कार्यालयों में स्थापित कोविड सहायता केन्द्रों में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों नें जानकारी देते हुए बताया कि जोनवार स्थापित केन्द्रों में आनें वाले सर्दी, खांसी, बुखार के प्राथमिक मरीजों की निःशुल्क जांच और दवा का वितरण कर उन्हें आवश्यक सलाह प्रदान की जा रही है। निगमायुक्त श्री सिह धाकरे द्वारा सोमवार को प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा के साथ कोविड सहायता केन्द्रों के माध्यम से प्रदाय की जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। केन्द्रों में आनें वाले मरीजों के समुचित परीक्षण की सुविधा हेतु केन्द्रों में थर्मामीटर, ऑक्सीमीटर, स्टैथोस्कोप रखनें के निर्देश दिए। निगमायुक्त श्री धाकरे नें बताया कि शासन निर्देशानुसार निगम के चारों जोन कार्यालयों में स्थापित कोविड सहायता केन्द्रों में रोजाना निगम की आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर केन्द्र के माध्यम से सर्दी/ बुखार/खॉसी के मारीजों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें निःशुल्क दवा का वितरण किया जा रहा है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 11 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## एसपीएफजी ने चलाया रोको टोको अभियान, वितरित किए मास्क

### संक्रमण से बचाव के लिए सावधानियों को अपनाने की दी गई समझाइश



**कटनी।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर ने चारों तरफ कोहराम मचा रखा है, इसके बचाव हेतु शासन प्रशासन से लेकर समाजसेवी संस्थाएं भी लोगों को इससे बचने के लिए तरह.तरह के उपाय बताकर जागरूक कर रही है। कैमोर नगर में संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा भी रोको टोको अभियान के साथ स्थानीय नागरिकों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों को अपनाने की समझाइश दी जा रही है। आज संपूर्ण भारत कोरोना महामारी से जूझ रहा है, कोई भी शहर गांव इससे अछूता नहीं है, जिसके बचाव हेतु शासन प्रशासन व समाजसेवी संस्थाएं लोगों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के साथ ही जागरूक कर कोरोना महामारी से बचने के उपाय बताए जा रहे हैं, विगत दिवस कैमोर के समीप ग्राम खलवारा गांव में संजय पाठक फ्रेंण्ड्स ग्रुप के सदस्यों द्वारा रोको टोको अभियान के साथ स्थानीय लोगों को मास्क वितरण करते हुए आपस में दो गज की दूरी बनाए रखने तथा साबुन से हाथ धुलने व सैनिटाइज का उपयोग करने के साथ.साथ घर से बाहर ना निकलने की समझाइश दी जा रही है इस मौके पर संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप कैमोर के अध्यक्ष युवा समाजसेवी शुभम चतुर्वेदी के निर्देश से संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप कैमोर के सचिव भूपेंद्र सिंह बागरी, गणेश विश्वकर्मा, शरद सोनी, कुलदीप मिश्रा सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि बीते वर्ष भी कोरोना महामारी में संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप कैमोर अध्यक्ष शुभम चतुर्वेदी, गौरव चतुर्वेदी, भूपेंद्र सिंह बागरी एवं समस्त जागरूक सदस्यों द्वारा विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक एवं यश पाठक के मार्गदर्शन में अनेकों जरूरतमंद लोगों के लिए अनाज के साथ.साथ भोजन का वितरण भी किया गया था।

### खलवारा में पहुंचे युवा

संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप कैमोर सचिव भूपेंद्र सिंह बागरी एवं एसपीएफजी टीम के सदस्य गणेश विश्वकर्मा, शरद सोनी, कुलदीप मिश्रा एवं अन्य सदस्यों द्वारा कैमोर ग्राम पंचायत खलवारा में रोको टोको अभियान के साथ मास्क वितरण करते हुए सभी लोगों को यह समझाइश दी गई की घर से बाहर बिल्कुल भी न निकले, बावजूद इसके अतिआवश्यक काम होने पर मास्क एवं सेनेटाईजर का उपयोग बार-बार करें। भूपेंद्र बागरी ने बताया कि यह रोको टोको अभियान एसपीएफजी के जिलाध्यक्ष एवं कैमोर अध्यक्ष शुभमराज चतुर्वेदी के निर्देश में किया जा रहा है।






खबर के बाद जागे अधिकारी, करवाया सोशल डिस्टेसिंग का पालन

## पेयजल आपूर्ति के दौरान कराया प्रोटोकॉल का पालन

**रीठी।** कोरोना महामारी के चलते ग्राम पंचायत भरतपुर में नलजल योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के दौरान ग्रामीणों द्वारा भीड़ लगाकर पानी भरे जाने की खबर यशभारत ने प्रकाशित की थी, जिस पर पीएचई के इंजीनियर रोहित ठाकुर द्वारा मामला संज्ञान में लेकर क्षेत्र का दौरा किया गया, साथ ही पंचायत के जिम्मेदारों सहित ग्रामवासियों को पानी की आपूर्ति बनी रहे और सोशल डिस्टेसिंग का पालन किया जाए, इसको लेकर निर्देशित किया। इंजीनियर ने कहा कि लोग बारी-बारी से पानी भरें और मास्क लगाएं। खुद सुरक्षित रहें, साथ ही ग्राम को सुरक्षित रखे। इंजीनियर रोहित ठाकुर ने बताया कि जनपद रीठी में आपदा प्रबंधन मीटिंग क्षेत्रीय विधायक प्रणय पांडेय व समस्त विभाग के अधिकारियों के बीच रखी गई, जिस पर उक्ताशय पर चर्चा उपरांत भरतपुर ग्राम दौरा किया गया। सार्वजनिक पानी सप्लाई को लेकर पंचायत सचिव को पानी सप्लाई के समय उचित व्यवस्था बनाये भीड़ नहीं लगे।

## अब कोटवार पंचम लाल ने भी छोड़ा बरही का साथ

### बरही में लगातार मौतों का तांडव, किसकी लगी नजर

**बरही।** समूचे क्षेत्र से हर दिन मौतों की खबर मिलने से समाज का हर तबका भयभीत है। न जाने किसकी बुरी नजर लगी हुई है। अब बरही के कोटवार पंचम लाल दाहिया ने भी अलविदा कह दिया। सहज, सरल, स्वभाव के धनी कोटवार पंचम लाल बरही के हर व्यक्ति से प्रेम का नाता रखते थे। उनके निधन की सूचना से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पिछले एक सप्ताह से बरही में हर दिन चिताए जल रही है। इसके पूर्व नगर के नीरज श्रीवास्तव के निधन के बाद उनके पिता सेवानिवृत्त शिक्षक शारदा प्रसाद श्रीवास्तव गुजर गए। गम का माहौल शांत भी नही हुआ था कि नगर के एक युवा व्यवसायी की मौत से बरही दहल गया। इसी बीच मुस्लिम समाज के दो सगे भाई एक दिन के अन्तराल में बरही को अलविदा कह गए। नगर के भागवताचार्य पंडित लक्ष्मीदत्त त्रिवेदी ने 2 माह तक संघर्ष करते हुए बरही को व्याकुल कर अलविदा हुए, जिनकी चिता की राख ठंडी भी नही हुई थी कि राजेश नामदेव, रजनीश नामदेव के पिता आरपी नामदेव भी चल बसे। वही रविवार-सोमवार की दरमियानी रात नगर परिषद बरही के पूर्व अध्यक्ष बाला प्रसाद वर्मा लाला जी अपने घर, परिवार एवं नगर को अनाथ कर गए और अब नगर के कोटवार पंचमलाल दाहिया के निधन की सूचना से नगर में मातम पसर गया। आखिर हो क्या रहा है। कोरोना संक्रमण के इस काल का अवसान कब होगाए जिससे लोग राहत की सांस ले। चहुओर मौत की खबरे से हर एक शख्स विचलितए निराश व भयभीत रहकर परमात्मा से गुहार लगा रहा है कि हे भगवान मौत का तांडव अब बंद कर दीजिए।





## घिनौची में उड़ रही स्वच्छता अभियान की धज्जियां

**जगह-जगह लगा कचरे का अंबार, महीनों से साफ नहीं हुई नालियां**

**रीठी।** रीठी जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बिलहरी में सम्मिलित ग्राम घिनोची के वार्ड नंबर 19, 20 में नियमित सफाई नहीं हो रही है। कभी कभार सफई कर्मी आते भी हैं तो सफाई करके नाली का मलमा बाहर निकालकर रख देते हैं और उठाने भी नहीं आते। जिससे पूरे गांव में कई तरह की बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे गांव में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। कुछ दिन बाद यही कचरा फिर नालियों में बहकर चला जाता है, जिसके चलते सीसी रोड पर गंदा, दुर्गन्ध पानी बहकर रहवासियों के घर दरवाजे से बहकर पूरे मार्ग पर बहता हैं। इस कोरोना काल में वैसे भी लोग इस भयानक बीमारी के खौफ में भयभीत रहते हैं, साथ ही अनेकों प्रकार की संक्रमित बीमारियों का खतरा मंडराता रहता है। उपसरपंच ने पंचायत के कर्ताधर्ताओं पर आरोप लगाते हुए लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाढ़ किये जाने आरोप भी लगाए हैं। बिलहरी ग्राम पंचायत के उपसरपंच विनोद शंकर शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि यदि 1 हफ्ते के अंदर साफ सफाई नहीं की गई तो लोकहित को देखते हुए मजबूरन धरने प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ेगा।

### कोरोना संक्रमण रोकने हेतु निरंतर दौड रहे कोरोना विनाशक रथ

**कटनी।** नगर के विभिन्न वार्डो के रहवासी स्थलों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों, शासकीय कार्योलयों में सैनेटाईजेशन अभियान चलाया जाकर सोडियम हाईपोक्लोराइड का छिडकाव कर स्थलों के विसंक्रमितिकरण की कार्यवाही की जा रही है। वार्ड क्रमांक 01 से 23 तक के सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल नें जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत आज निगम के कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से इंदिरा नगर गली नंबर 1 एवं 3 सहित बस स्टेण्ड परिसर, चांडक चैक से घर्मलोक हास्पिटल तक के मुख्य मार्ग, महात्मा गांधी वार्ड स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र गली, गांधी द्वार से सुभाष चैक मुख्य मार्ग, नई बस्ती स्थित शांति प्रसाद आश्रम गली सहित अन्य स्थलों में कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से दवा का छिडकाव कार्य किया गया। कोविड सहायता केन्द्रों में आनें वाले मरीजों एवं नागरिकों की सुविधा तथा सुरक्षा की दृष्टि से जोन क्रमांक 1 ऑडिटोरियम परिसर कार्यालय, जोन क्रमांक 2 खिरहनी आंगनबाडी कार्यालय, जोन क्रमांक 3 टी.सी.बजान स्कूल कार्यालय सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों दुर्गा चैक चैक पोस्ट, सरस्वती स्कूल सेवा भारती कोविड केयर केन्द्र, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, कोविड जांच केन्द्र जैन माध्यमिक शाला, दीनदयाल रसोई केन्द्र में जैटर पंप के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित किया गया।

### कैमोर पुलिस के साथ मिलकर नगर परिषद ने किया नवाचार

## कैमोर में पात्र हितग्राहियों को घर-घर पहुंचाया जा रहा नि :शुल्क राशन



**कटनी।** मध्यप्रदेश सरकार ने शासकीय उचित मूल्य की निःशुल्क राशन सामग्री वितरित किए जाने का आदेश दिया है। इस आदेश के उपरांत शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर राशन लेने वालों की भीड़भाड़ लगने से संक्रमण फैलने की संभावना को देखते हुए कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन, नगर परिषद कैमोर सीएमओ पृथ्वीराज सिंह और शासकीय उचित मूल्य दुकान के प्रबंधक आजम खान के द्वारा सराहनीय नवाचार किया जा रहा है। जिसमें व्यवस्थाओं को स्थानीय स्तर पर एकत्र करके ऐसे पात्र नागरिक जिन्हें शासकीय उचित मूल्य का राशन गेहूं एवं चावल निःशुल्क मिलना है, उनकी सूची तैयार की गई है। जिसके बाद बोरियों और पैकेटों में खाद्य सामग्री को भरकर पात्र हितग्राहियों के घर-घर जाकर राशन पहुंचाया जा रहा है। राशन देने के साथ ही राशन कार्डधारी उपभोक्ता के हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में कैमोर थाना प्रभारी एवं सीएमओ नगर परिषद कैमोर द्वारा की गई पहल की संपूर्ण नगर में सराहना की जा रही है क्योंकि राशन सामग्री के वितरण के लिए दुकानों पर भीड़ लगने से निश्चित रूप से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं हो पाता और कोरोना संक्रमण की गुंजाइश थी। मुफ्त शासकीय राशन सामग्री को पहुंचाने में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन के साथ उनका स्टाफ प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, चंद्रभान विश्वकर्मा, आरक्षक सनिल स्वर्णकार, सीएमओ नगरपरिषद कैमोर पृथ्वीराज सिंह और नगर परिषद स्टाफ के रामकिंकर तिवारी, सुरेश गर्ग, बिहारी लाल यादव, वाहन चालक विनोद, सुधीर, सतीश एवं शासकीय उचित मूल्य के प्रबंधक एवं विक्रेता आजम खान का लगातार प्रयास जारी है। आवश्यकता पड़ने पर स्वसहायता समूहों और ग्राम एवं नगर समिति के सदस्यों की भी सहायता लेकर खाद्य सामग्री घर तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कैमोर नगर में लागू किए गए इस मॉडल को संपूर्ण जिले और प्रदेश में भी वर्तमान परिस्थितियों में अपनाया जाकर शासकीय खाद्यान्न वितरण के दौरान कोरोना संक्रमण की रोकथाम का उपाय किया जा सकता है। अपने घरों पर पुलिस, नगर परिषद और शासकीय उचित मूल्य के विक्रेता के द्वारा पहुंचाए जा रहे खाद्यान्न सामग्री को पाकर गरीब हितग्राही भी बहुत प्रसन्न हो रहे हैं।

**राशन दुकानों में लगने वाली भीड़भाड़ से बढ़ सकता था कोरोना संक्रमण**

## कोरोना कर्फ्यू का पालन करते हुए घर पर ही मनाए ईद

### कैमोर में पुलिस व प्रशासन ने की मुस्लिम धर्मगुरूओं से अपील



**कटनी।** रमजान का पवित्र माह समाप्त होने की ओर है और शीघ्र ही ईद का त्योहार मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाना है। ईद के अवसर पर मस्जिदों में भीड़ एकत्र ना हो एवं कोरोना संक्रमण से सभी को बचाने के लिए कैमोर में पुलिसिया व प्रशासनिक प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। गतदिवस विजयराघवगढ़ एसडीएम सुश्री प्रिया चंद्रावत, कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन एवं पुलिस स्टाफ के द्वारा नगर की 5 मस्जिदों एवं दो ईदगाह के प्रमुख से अंजुमन इस्लामिया मस्जिद के पास सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मुलाकात की और पर्व के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश पर प्रशासन और पुलिस द्वारा बताया गया कि आगामी ईद में सभी लोग अपने घरों से ही नमाज को पढ़ें, केवल मात्र पांच व्यक्ति मस्जिद ईदगाह में सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए ईद पर नमाज के लिए उपस्थित हो सकते हैं। बाकी सभी कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए घर पर ही नमाज पढ़कर ईद को मनाएं और अपने संपूर्ण परिवार, समाज को कोरोना संक्रमण से भी बचाएं। इस अवसर पर कैमोर सदर हाजी गुलाम भाई, पेश इमाम मोहम्मद तनवीर, नायब सदर हाफिज इदरीश फारूक अहमद, गुलाम अहमद रजा एवं फिरोज उपस्थित रहे। मुस्लिम समुदाय के उक्त उपस्थित प्रतिनिधियों ने पुलिस एवं प्रशासन को इस बात के लिए आश्वस्त किया कि आगामी ईद पर्व पर मस्जिदों में भीड़भाड़ एकत्र नहीं होने देंगे और घर पर ही नमाज पढ़े जाने के लिए सभी को पाबंद किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण की महामारी के चलते ईद पर कोरोना कर्फ्यू का पालन करते हुए पर मनाए जाने हेतु पुलिस और प्रशासन द्वारा एहतियातन पूर्व से ही सभी को इस तरह की समझाइश दी गई है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड
बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

## पुलिस और आबकारी विभाग संदेह के घेरे में

# लॉकडाउन में शहर से लेकर गांव गांव खुलेआम बिक रही शराब

कटनी। कोरोना कर्फ्यू के दौरान शहर से लेकर गांव तक शराब की अवैध बिक्री व तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। खासबात यह है कि ऐसे मामलों में समय रहते कार्रवाई नहीं होने को लेकर पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठते रहे हैं। बस स्टैंड चौकी के सामने और उसके आगे मैहर रोड पर जमकर शराब बिक रही है। लगातार फोटो-वीडियो सामने आ रहे हैं, इसके बाद भी चौकी प्रभारी कोई कोरवाई नहीं कर रहे। जिम्मेदार अधिकारी भी मौन हैं। एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जो नगर निगम आयुक्त के बंगले के सामने की है, यहां से स्टेशन चौक भी नजदीक है जहां अमूमन पुलिस की ड्यूटी रहती है। नागरिकों का कहना है कि कोरोना कर्फ्यू के दौरान जब शहर में ठेला में सब्जी व फल बेचकर दुकान चलाने वालों पर कार्रवाई हो रही है तो फिर शराब की अवैध बिक्री पर कार्रवाई होनी चाहिए।





### राधिका होटल के पीछे शराब छोड़ कर भागा आरोपी

कुठला थाना क्षेत्र के बस स्टैंड पुलिस चौकी के समीप राधिका होटल के पीछे पुलिस ने सूचना पर शराब की बोतलें जप्त की हैं और अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला भी दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 2950 रुपए कीमती अंग्रेजी शराब की बोतल मिलीं है लेकिन आरोपी नहीं मिला। इसी तरह एनकेजे थाना क्षेत्र के कटंगी खुर्द में सीमा कोल पति स्वर्गीय मस्तराम कोल से 2 लीटर कच्ची शराब पुलिस ने बरामद किया है। गांव के शेखर पिता नत्थू बर्मन से 2 लीटर कच्ची शराब बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस चौकी के सामने माफिया शराब खुलेआम बेच रहे हैं और बस स्टैंड चौकी प्रभारी सहित स्टॉफ को जानकारी नहीं है। क्षेत्रीय लोगों की मानें तो पुलिस की सांठगांठ से यह अवैध करोबार फल-फूल रहा है।

### कई थाना क्षेत्रों में दबिश, अवैध महिदा बरामद

इसी प्रकार थाना रंगनाथ नगर के भीमराव चौक में बीते दिवस धर्मेंद्र वंशकार गड्डा टोला के कब्जे से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई और आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के नेगवां भटिया मोहल्ला से राम नारायण उउर्फ चन्नू सपेरा निवासी तेवरी के कब्जे से 2 लीटर कच्ची शराब, सीता बाई पति हरि नाथ सपेरा तेवरी के कब्जे से नैगवां गांव में 5 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम निटर्रा में जवाहर बर्मन के कब्जे से 34 पाव शराब कीमती 4 हजार रुपये जप्त की गई। इसी तरह एकनेजे पुलिस ने शराब का अवैध व्यवसाय करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि दो लोगों से करीब 6 सौ रुपए कीमती लगभग चार लीटर शराब जप्त की गई है। दोनों ही आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। क्षेत्र में अपराधिक वारदातों को रोकने के लिए पुलिस द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। कोरोना कर्फ्यू के लिए बनाए चैक पोस्ट पर हर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है।

### माधवनगर व पिपरिया में भी चल रहा कारोबार

माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुलेआम शराब बेची जा रही है। लोगों ने कहा कि माधवनगर पुलिस माधव नगर गेट सहित अन्य स्थानों पर जांच कर गरीबों के चालान तो काट रही है, लोग दवा लेने भी जा रहे हैं तो कार्रवाई कर रही है लेकिन थाना क्षेत्र में जमकर अवैध तरीके से शराब बिक रही है, जिस पर कार्रवाई नहीं हो रही। इसके अलावा बरही तहसील क्षेत्र के पिपरियकला गांव में शराब ठेकेदार के गुर्गे खुलेआम शराब बेच रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार बताया गया कि क्षेत्र मे पूर्ण रूप से लॉकडाउन लगा है इसके बावजूद शराब ठेकेदार के गुर्गे शराब बेच रहे हैं। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से शराब ठेकेदार के हौंसले बुलंद हैं।

### इनका कहना है

लॉकडाउन का पालन कराने सहित अन्य व्यवस्थाओं में भी पुलिस लगी है। शराब कहीं पर किसी हाल में नहीं बिकना चाहिए। बस स्टैंड के समीप बिक रही शराब सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र में कहीं पर भी शराब बिक रही है तो ठोस कार्रवाई की जाएगी। प्रभारियों पर भी कार्रवाई होगी।

**-मयंक अवस्थी,** पुलिस अधीक्षक



## कोविड केयर केन्द्रों में सफाई, उठाया गया मेडिकल वेस्ट

### सार्वजनिक स्थलों सहित नालियों की जेसीबी मशीन से कराई गई सफाई

**कटनी।** निगम के स्वच्छता सैनिकों द्वारा कोरोना संक्रमण काल को दृष्टिगत रखते हुए नगर में संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु रोजाना दो पालियों में नगर के विभिन्न स्थलों की सफाई की जाकर नगर को साफ एवं संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में किसी भी माध्यय से संक्रमण का प्रसार न हो सके इस हेतु रोजाना नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो की रात्रिकालीन सफाई का कार्य भी अनवरत जारी है। नगर को संक्रमण मुक्त रखनें हेतु प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के दौरान आज प्रातः सायना कोविड केयर, दिव्यांचल कोविड केयर, सेवा भारती कोविड केयर सेंटर एम.जी.एम हॉस्पिटल की सफाई सहित बायोमेडिकल वेस्ट को पृथक वाहनों के माध्यम से उठाया गया। आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ट्रोसपोर्टनगर नगर पुरैनी स्थित थोक सब्जी मंडी सहित अन्य फुटकर सब्जी मंडी स्थलों की सफाई की जाकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करानें हेतु चूनें की लाईनिंग,



पन्ना मोड, बस स्टेण्ड परिसर, मिशन चौक, रधुनाथ गंज वार्ड स्थित झंडा बाजार, साधूराम स्कूल के सामनें, सी.एल.पी वार्ड स्थित महाजन टाल के पास, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न स्थलों, सेल्फी प्वाइंट के पास एवं सामनें मुंख्य मार्ग के डिवाईडर मिशन चौक पुल से बस स्टेण्ड तक डिवाईडर की सफाई सहित मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित कब्रिस्तान परिसर की सफाई का कार्य कराया गया। नगर की नालियों की सफाई तथा सुगमतापूर्वक पानी बहाव व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए इंदिरा नगर गली नंबर 9 की नालियों, कनकने स्कूल जैन कॉलोनी, नगीना मस्जिद के पास मुख्य मार्ग, वंशस्वरूप वार्ड स्थित भुमिया टोला बस्ती तथा सी.एल.पी.पाठक वार्ड के विभिन्न स्थलों की बडी नालियों की जे.सी.बी मशीन से सफाई, कावस जी वार्ड गढडा टोला बस्ती, बगरहटी बस्ती सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर नगर को साफ एवं संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये गए।

# सब्जी मंडियों में कराया कोविड प्रोटोकाल का पालन, दी समझाईश





**कटनी।** कोविड -19 के संक्रमण के प्रकोप पर अंकुश लगानें के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देशन में निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। लॉकडाउन की अवधि में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिन्हित थोक सब्जी मंडी ट्रोसपोर्ट नगर पुरैनी सहित फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, हाउसिंग बोर्ड ग्राउण्ड, माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय के सामनें स्थित फुटकर सब्जी मंडी स्थलों में प्रोटोकाल के तहत सब्जी मंडियों के संचालन किया जाकर संर्क्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के प्रयास रोजाना किये जा रहे है। निगमायुकत सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा रोजाना मंडी स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराई जाकर ट्रांसपोर्टनगर थोक सब्जी मंडी के व्यवसाईयों को मास्क एवं सामाजिक दूरी का पालन कराते हुए सामग्री खरीदनें पश्चात फुटकर सब्जी विक्रेताओं को नागरिकों की सुविधा हेतु ठेले में सामग्री रख नगर की विभिन्न गलियों में प्रातः 10 बजे तक भ्रमण कर व्यवसाय करनें हेतु भेजा जा रहा है।

फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, हाउसिंग बोर्ड ग्राउण्ड, माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय के सामनें रोजाना साफसफाई उपरान्त सोशल डिस्टेंसिंग हेतु निर्धारित दूरी पर चूने की लाईनिंग आदि का कार्य कराया जाकर 10-10 फुट की दूरी पर सब्जी व्यवसाईयों को खडा कराते हुए कोविड प्रोटोकाल के साथ व्यवसाय कराया जा रहा है। नगर के किसी भी एक स्थल पर बैठकर या खडे होकर व्यवसाय करनें से संक्रमण फैलनें की संभवना को दृष्टिगत रखते हुए अतिक्रमण अमले द्वारा निरंतर विभिन्न मुख्य स्थलों का निरीक्षण किया जाकर दुकानों को बंद करानें की कार्यवाही की जा रही है आज प्रातः निरीक्षण के दौरान खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे बठैकर सब्जी व्यवसाय करनें वालों पर कार्यवाही की जाकर सब्जी की दुकानें बंद कराते हुए फारेस्टर प्लेग्राउण्ड से अथवा ठेले में सामग्री रखकर प्रातः 10 बजे तक नगर के विभिन्न वार्डो में घूमकर व्यवसाय करानें की कार्यवाही की गई।

# घरों और दुकानों को किया सेनेटाइज





**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रषासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देषन में कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु सैनेटाइजेषन अमला निरंतर डटकर छिडकाव का कार्य कर रहा है। सैनेटाईजेषन अमले द्वारा मिस्ट गन मषीन, चार कोरोना विनाषक रथ एवं हेण्ड स्प्रेपंप के माध्यम से नगर के सार्वजनिक रहवासी स्थलों, माइक्रो कंटेनमेंट जोन, कोविड केयर केन्द्र, टीकाकरण केन्द्र सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों मे रोजाना सोडियम हाईपोक्लोराइड का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें के प्रयास किये जा रहे है।

वार्ड क्रमांक 1 से 23 तक के सैनेटाइजर प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बाताया कि आज रविवार के दिन भी प्रातः से अभियान का प्रारंभ किया जाकर नगर के विभिन्न स्थलों बाल गंगाघर तिलक वार्ड स्थित ब्रजमोहन जी वाली गली, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित पन्ना मोड, बल्ली महाराज आटा चक्की के पास, षिवनगर कॉलौनी, महात्मा गांधी वार्ड स्थित गांधीगंज, वीर सावरकर वार्ड स्थित शंभू टॉकीज के पास एवं आधारकाप, संतनगर स्थित पेठा गली, राजीव गांधी वार्ड स्थित मित्तल गली, अषोक कॉलौनी, रबड फैक्ट्री रोड, सांई मंदिर के पास वाली गली, रोषन नगर ओबेरॉय स्कूल के पास, महारानी लक्ष्मी बार्ड स्थित सिविल लाईन कमलकांत जायसवाल गली सहित नगर के अन्य स्थलों में जैटर पंप के माध्यम से सोडियम हाईपो क्लोराईड के घोल का छिड़काव किया गया। संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु नगर निगम जोन कार्यालय 1 आडिटोरियम परिसर, जोन 2 खिरहनी आंगनबाडी परिसर एवं जोन 3 टी.सी.बजान स्कूल परिसर, दुर्गा चौक चैक पोस्ट, अंजुमन इस्लामिया स्कूल, पुराना जिला न्यायालय वैक्सीनेषन सेंटर, कोविड जांच केन्द्र जैन माध्यमिक शाला, दीनदयाल अन्त्योदय रसोई योजना केन्द्र क्रमांक 2, कोतवाली थाना परिसर सहित नगर के अन्य स्थलों में कोरोना विनाषक रथों द्वारा सैनेटाइज किया गया।

वार्ड क्रमांक 24 से 45 तक के सैनेटाईजेषन प्रभारी पंकज निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण से प्रसार पर नियंत्रण हेतु आज चलाये गए अभियान के तहते दिव्यांचल कोविड केयर केन्द्र, सायना कोविड केयर केन्द्र, बालक छात्रावास राय कॉलोनी, पी.डव्ल्यू डी कॉलोनी, सुधार न्यास कॉलोनी की विभिन्न गलियों, माधवनगर स्थित कैरिन लाईन, दुर्गा मंदिर के पास, गोघू की डेरी के पास, डायमंड स्कूल रोड, शुभ सिटी क्षेत्र, आनंद विहार कॉलोनी, समदडिया कॉलोनी, बंगाली कॉलोनी, फारेस्टर वार्ड के विभिन्न स्थलों सहित गढडा टोला बस्ती में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कराया गया।

### संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के लिये निर्धारित समय से कराया जा रहा सब्जी मंडी का संचालन

**कटनी।** नगर में कोरोना महामारी के संक्रमण पर अंकुश लगानें हेतु जिला प्रशासन के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा रोजाना ट्रांसपोर्टनगर थोक सब्जी मंडी सहित तीन अन्य स्थलों की चिन्हित फुटकर सब्जी मंडियों की आवश्यक व्यवस्थांए पूर्ण कराकर प्रोटोकॉल के तहत प्रातः 10 बजे तक सब्जी/फ्ल का थोक एवं फुटकर व्यवसाय कराया जा रहा है। अतिक्रमण प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में अतिक्रमण अमले द्वारा सोमवार की प्रातः से नगर निरीक्षण किया गया। जिसमें महारानी लक्ष्मी बाई तिराहा, खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे पेट्रोल पंप के पास अनाधिकृत रूप से सब्जी व्यवसाय करनें वालों पर कार्यवाही की जाकर दुकानें बंद करवाई गई। चिन्हित फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड, हाउसिंग बोर्ड ग्राउण्ड, माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय के सामनें 10-10 फुट की दूरी पर दुकानें लगवाकर निर्धारित समय प्रातः 10 बजे तक मंडी परिसर में संचालित हो रही दुकानों को बंद करानें की कार्यवाही की गई।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

# संक्रमण पर ब्रेक, एहतियात जरूरी

## अप्रैल में हर दिन डेढ़ सैकड़ा तो अब हर दिन एक सैकड़ा मिल रहे पॉजीटिव केस

**कटनी। कोरोना संक्रमण की दर में कमी आने का सिलसिला लगातार जारी है। अप्रैल महीने की तुलना में मई में कोरोना संक्रमण का असर कम देखने को मिल रहा है। हर दिन करीब एक सैकड़ा पॉजीटिव केस मिल रहे हैं। अप्रैल में औसतन करीब डेढ़ सैकड़ा मरीज हर दिन मिल रहे थे तो मई के महीने में यह आंकड़ा 130 के आसपास आ गया है। मई के 11 दिनों में अब तक एक हजार 435 केस मिल चुके हैं, इस हिसाब से संक्रमण की दर 15 प्रतिशत हो गई है। पॉजीटिविटी रेट में कमी आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने भी राहत की सांस ली है।**

कोरोना संक्रमण को लेकर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासें और लोगों द्वारा बरती जा रही जागरूकता की वजह से ही ऐसा हो पाया है, हालांकि शहर में अभी भी लोग इस महामारी को हल्के में लेते नजर आ रहे हैं। सुबह जब दूध, सब्जी और फल की दुकानें खुलती है तो यहां पर लोग सोशल डिस्टेसिंग भूल जाते है। इसकी तुलना मं ग्रामीण क्षेत्रों मं भले ही संक्रमण का कहर बरप रहा हो लेकिन करीब ढाई सौ से ज्यादा गांव ऐसे हैं, जहां लोगों द्वारा जागरूकता का परिचय दिया जा रहा है। इन गांवों में अभी तक एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है। जिससे यह गांव अभी भी ग्रीन जोन में शामिल है। कई गांवों में तो ग्रामीणों ने पूरे गांव को कंटेनमेंट जोन बना दिया है और बाहर से आने वाले लोगों के गांव में प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। जिसका नतीजा यह है कि यह गांव संक्रमण की पहुंच से दूर हैं।

### निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों का रिकार्ड स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं



### मई के महीने में अब तक मिले पॉजीटिव केस

| तारीख | पॉजीटिव |
|---|---|
| 01 मई | 110 |
| 02 मई | 190 |
| 03 मई | 138 |
| 04 मई | 140 |
| 05 मई | 132 |
| 06 मई | 173 |
| 07 मई | 137 |
| 08 मई | 101 |
| 09 मई | 97 |
| 10 मई | 112 |
| 11 मई | 105 |
| **मई में पॉजीटिव केस** | **1435** |
| **अब तक कुल पॉजीटिव केस** | **8534** |

### 7 हजार लोगों ने कराई जांच

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब हर दिन 600 से 700 लोगों की कोरोना जांच की जा रही है। जिला चिकित्सालय में भर्ती होने वाले मरीजों की रेपिड एंटीजन किट से जांच की जाती है, इसके अलावा जैन स्कूल में कोविड जांच केन्द्र बनाया गया है, यहां भी रेपिड एंटीजन किट से जांच होती है, इसके अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों के सेम्पल जांच के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेजे जाते हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि रेपिड एंटीजन किट से 300 और मेडिकल कॉलेज जबलपुर से 400 लोगों की रिपोर्ट हर दिन मिल रही है।

### 24 घंटे में 105 नए केस

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि पिछले 24 घंटे में जिले में 670 सेम्पल की रिपोर्ट में 105 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। जिसमे मेडिकल कॉलेज जबलुपर से मिली 419 सेम्पल की रिपोर्ट में 66 और रेपिड एंटीजन टेस्ट की रिपोर्ट में 46 नए पॉजीटिव केस मिले हैं। इस तरह मई में अब तक 1435 और कुल केस 8 हजार 534 हो गए हैं।

### मई में गिरी संक्रमण की दर

अप्रैल की तुलना में मई के महीने में संक्रमण की दर में हर दिन गिरावट देखने को मिल रही है। अब प्रतिदिन करीब 15 प्रतिशत पॉजीटिव केस मिल रहे हैं। अप्रैल में जब कोरोना संक्रमण कहर बनकर टूट रहा था, उस समय हर रोज औसतन 150 से ज्यादा पॉजीटिव केस मिल रहे थे, इसकी तुलना में मई में कुछ राहत मिलती हुई दिख रही है। आंकड़ों के मुताबिक 1 मई से लेकर 11 मई तक जिले में कुल 1435 केस लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस दौरान दो बार डेढ़ सौ से ज्यादा और एक बार 100 से कम पॉजीटिव केस मिले हैं।

### 269 ग्राम पंचायतों में एक भी केस नहीं

जिले की 269 ग्राम पंचायतें ग्रीन जोन में हैं, जहां अब तक एक भी कोरोना पॉजीटिव केस नहीं मिला है। इसके साथ ही जिले की 115 ग्राम पंचायतें येलो जोन में अब तक शामिल हैं, जहां महज 1 से 4 पॉजीटिव केस ही हैं। 23 ग्राम पंचायतें जिले की ऐसी है, जो रेड जोन में हैं, जहां 5 या 5 से अधिक कोरोना पॉजीटिव केस हैं। जिले की येलो और रेड जोन की ग्राम पंचायतों को ग्रीन जोन में लाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि इन ग्रामों में अधिकारी लगातार दौरा कर संक्रमण रोकने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

### निजी अस्पतालों में भी चल रहा मरीजों का इलाज

सरकारी आंकड़ों से अलग ज्यादातर लोग ऐसे हैं, जो तबियत खराब होने के बाद सीधे निजी चिकित्सालयों में भर्ती होकर इलाज करा रहे हैं। इनका रिकार्ड स्वास्थ्य विभाग के पास भी नहीं है। शहर के एमजीएम हॉस्पिटल, चांडक हॉस्पिटल, धर्मलोक हॉस्पिटल सहित अन्य हॉस्पिटल में बड़ी संख्या में कोरोना से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा निजी चिकित्सालयों में होने वाली मौतों की जानकारी भी बुलेटिन में नहीं दी जा रही है।

### इनका कहना है

मई में संक्रमण में कमी देखने को मिल रही है लेकिन अभी संक्रमण खत्म नहीं हुआ है। लोगों को एहतियात बरतना जरूरी है। कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए लोग सावधानियां बरतें और कोरोना के लक्षण होने पर तत्काल जांच कराएं। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। **-डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सीएमएचओ**



# प्रशासनिक लापरवाही से भीग गया खरीदी केन्द्रों में रखा गेंहू

## किसानों की साल भर की मेहन पर बारिश की मार



**कटनी।** प्रशासनिक लापरवाही की इंतिहां है, अब खरीदी केंद्रों में रखे जा रहे किसानों के उत्पाद को ढंकने तक का इंतिजाम नही है। नतीजा देररात बारिश के चलते सारा गेंहू भींग गया। बताया जा रहा है कि ये बदइंतजामी एक दो जगह नहीं बल्कि कमोबेश हर खरीदी केंद्र की है। कहीं पर भी समुचित इंतजाम नहीं है। यह बात और है कि खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद से पहले प्रशासन की ओर से तमाम दावे किए गए थे। कहा गया था कि किसी किसान को चिंतित होने की जरूरत नहीं, हर केंद्र पर पुख्ता इंतजाम होंगे लेकिन मई माह में अब तक हुई रूक-रूक कर बारिश के बाद देररात हुई जोरदार बारिश ने प्रशासन के दावे की हवा निकाल कर रख दी है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है तथा पिछले चार-पांच दिनों से तेज आंधी, तूफान के साथ हल्की बारिश व कहीं-कहीं बूंदाबांदी का दौर जारी है। इसके बावजूद खरीदी केन्द्रों पर खरीद कर रखे गए गेहू का न तो समय पर परिवहन कराया जा रहा है और न ही बारिश से बचाने के इंतजाम किए जा रहे हैं। हालात तो ये हैं कि जिले भर में कई खरीदी केन्द्र खुले आसमान में चल रहे हैं। जिसके कारण अन्नदाता से खरीदा गया गेहू खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है। उधर कई खरीदी केंद्र प्रभारियों का कहना है कि बिजली कटौती के कारण गेहूं की बोरी की सिलाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। यही वजह है कि अधिकांश खरीदी केंद्रों में भरी हुई बोरिया फैली हुई थी। इसी बीच बारिश होने से सब गड़बड़ हो गया। देररात हुई बरसात ने किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया।

# गला दबाकर की गई महिला व बालक की हत्या

### हरदुआ गांव में कुएं में मिले दो शवों का मामला

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम हरदुआ से लगे खेत के सूखे कुएं से बरामद एक महिला व एक बालक के शव की पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या कर साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज कर लिया है। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के मुताबिक चिकित्सकों ने पीएम रिपोर्ट में महिला व बालक की गला दबाकर हत्या किए जाने का उल्लेख किया है। उधर चार दिन बाद भी दोनों शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। हालांकि पुलिस दोनों की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है। दोनों शवों की पहचान के लिए पुलिस ने शव की पहचान करने विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर 9425333659 व पुलिस कंट्रोल रूम कटनी के मोबाइल नंबर 7587615946 पर संपर्क करने कहा गया है।

# कैमोर पुलिस ने चंद घंटों में सुलझाई बाइक चोरी की वारदात

### चोरी की दो मोटर सायकल के साथ नाबालिग गिरफ्तार




**कटनी।** मोटर सायकल चोरी की एक वारदात का कैमोर पुलिस ने चंद घंटों में न केवल खुलासा करते हुए एक नाबालिग को चोरी की दो मोटर सायकल के साथ गिरफ्तार किया है। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि अमरैयापार निवासी रमेश पिता रामकृपाल गुप्ता के द्वारा बाइक चोरी की शिकायत की गई। जिसमें उसने बताया कि अमरैयापार में नारायण सायकल स्टोर्स के सामने खड़ी उसकी हीरो पैशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमएच-8570 को कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर लिया है। बताया जाता है कि शिकायत पर पुलिस ने तत्काल अज्ञात बदमाश के विरूद्ध धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर उसकी पतासाजी शुरू की तो पुलिस को चंद घंटों के अंदर सफलता मिल गई और उसने चोरी की मोटर सायकल के साथ एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस के द्वारा नाबालिग के घर की तलाशी ली गई तो वहां से एक और चोरी की मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एजी-0885 भी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि दूसरी मोटर सायकल पनहाई कालोनी निवासी रमाकांत पिता ब्रम्हदेव सिंह की है तो 7 अक्टूबर 2020 को चोरी गई थी।

### महंगे शौर पूरी करने करता था चोरी

पूछताछ में नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी करने लगा था। जिसका अंजाम उसे सलाखों के पीछे तक ले गया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश तथा विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन, उपनिरीक्षक एन एल परते, प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, चंद्रभान विश्वकर्मा, आरक्षक सनिल, शिव और अंजनी की भूमिका सराहनीय रही।

# उमरियापान में कोरोना से दूसरी मौत

### कोरोना प्रोटोकाल के तहत अंतिम संस्कार



**उमरियापान।** उमरियापान से लगे ग्राम हरदी निवासी कांग्रेस नेता सिद्धार्थ दीक्षित के पिता शिवनारायण दीक्षित का जबलपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया। कल शाम 4 बजे जैसे ही शिवनारायण दीक्षित के निधन की जानकारी उमरियापान एवं हरदी पहुंची तो हर कोई स्तब्ध रह गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 72 वर्षीय शिवनारायण दीक्षित का 5-6 दिन पहले स्वास्थ्य खराब हुआ था, जिसके बाद परिजन इलाज के लिए जबलुपर लेकर गए थे। जहां नेशनल हॉस्पिटिल में पिछले 5 दिन से इलाज चल रहा था। कल सोमवार की दोपहर श्री दीक्षित का कुछ ज्यादा ही स्वास्थ्य खराब हो गया था और शाम 4 बजे के करीब निधन हो गया। कल सोमवार को किसी कारण वश अंतिम संस्कार नहीं हो पाया था। आज सुबह 10 बजे कोरोना प्रोटोकाल के तहत मुक्तिधाम में पुत्र सिद्धार्थ दीक्षित ने मुखाग्नि देकर नम आंखों से अंतिम संस्कार किया गया है। विदित हो कि उमरियापान क्षेत्र में कोरोना संक्रमण रूकने का नाम नहीं ले रहा है। लोगों के संक्रमित होने के साथ ही अब मौतें भी लगातार हो रही है। जिससे ग्रामवासियों में दहशत देखी जा रही है।





**महाशोक**

हमारे असाता कर्मों के उदय से हमारे आज्ञाकारी सुपुत्र

**श्री चौधरी मनोज कुमार जैन**

(अखिल भारतीय तीर्थ क्षेत्र रक्षा कमेटी एवं दिगम्बर जैन महापंचायत कटनी के सदस्य) का

स्वर्गवास दिनांक 26.04.2021 को भोपाल में हो गया है

**शांति विधान**

दिनांक 11.05.2021 दिन मंगलवार को सुबह होना है। उनकी आत्मा की शांति हेतु और कोरोना महामारी को ध्यान रखते हुए आप सभी से अनुरोध है कि अपने- अपने घरों से सुरक्षित रहकर वहीं से श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

:- शोकाकुल :-

चौधरी कंछेदीलाल जैन (पिता), श्रीमती सुनीता जैन (माता), श्रीमती सीमा जैन (पत्नी), (अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला परिषद की प्रांतीय चेयर पर्सन), चौधरी मोहित जैन (पुत्र) मान्या जैन (पुत्री), श्रीमती मीना-अशोक जैन (सागर), श्रीमती मनीषा-अनिल जैन (सागर) (बहिन-बहनोई), श्रीमती नत्थी बाई जैन (कटनी) (बुआ), मिट्ठूलाल- ममता जैन (भैया-भाभी) खुशबू, रूचि (भतीजी), कटनी

**फर्म- मोहित कलेक्शन कपड़ा बाजार रघुनाथगंज, कटनी, मो. 8989498001**


### कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्र./509/वाहन विभाग/2021-22 | कटनी, दिनांक =05/05/2021

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगरपालिक निगम कटनी द्वारा महिन्द्रा स्काई लिफ्ट (एमपी-21-जी-1480) हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार पंजीकृत इच्छुक दुकानदार एवं फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्तें व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम कटनी में (वाहन विभाग देखी व पढ़ी जा सकती हैं।) अथवा पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार आयुक्त नगरपालिक निगम कटनी को होगा।

| क्र. | कार्य एवं सामग्री का विवरण | अमानत राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | हाइड्रोलिक मशीन का कम्पलीट कार्य, पॉवर पैक बदली करना 12 बोल्ट का हाइड्रोलिक पाईप नये लगाना | | |
| 2 | इंजन का ऑयल चेंज करना सभी फिल्टर चेंज करना | | |
| 3 | दोनों दरवाजों के लॉक का कम्पलीट कार्य वायपर रबर का कार्य | | |
| 4 | साफ्ट क्रास का कम्पलीट कार्य | | |
| 5 | स्टेयरिंग वाक्स का कम्पलीट कार्य | 4000/- | २000/- |
| 6 | चारों चके में हब ग्रीसिंग, बैरिंग बदली, ऑयल सील बदली | | |
| 7 | चारों कमानी में दम देना टूटे पट्टे बदली करना | | |
| 8 | वाल ज्वाइंट का कम्पलीट कार्य, नये हॉर्न लगाना होगा | | |
| 9 | पूरी गाड़ी में डेंटिंग-पेटिंग का कार्य | | |

(1) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 10/05/2021 को सायंकाल 5.30 बजे से। (2) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25/05/2021 को सायंकाल 5.30 बजे तक। (3) निविदादाता द्वारा प्रस्तुत बिड खोलने की तिथि 27/05/2021 को प्रात: 11.00 बजे।

**कार्यपालन यंत्री, वास्ते- आयुक्त, नगरपालिक निगम, कटनी**









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)